Title: Need to upgrade Jamnagar city of Gujarat to B-2 category.

5.37 hrs.

श्री चन्द्रेश पटेल (जामनगर) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के जामनगर को बी-टू के अनुसार अभी तक अपग्रेडेशन नहीं किया गया जिससे लाखों सरकारी कर्मचारियों को हाउस रेंट, सिटी एलाउंस एवं अन्य कई सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। जामनगर शहर में पौने तीन लाख मतदाता है और ओन रिकार्ड जामनगर शहर की आबादी अब साढ़े पांच लाख है। जामनगर शहर गुजरात का सबसे ज्यादा महंगाई वाला शहर है। जामनगर जिला में तीस हजार करोड़ रुपये का औद्योगिक इन्वेस्टमैंट है और बीस हजार करोड़ का इन्वेस्टमैंट पहले से है। जामनगर शहर में आर्मी, नेवी एवं मिलिटरी एयरफोर्स वगैरह देश के मिलिटरी बैज हैं जिसकी आबादी करीब एक लाख की है जो साढ़े पांच लाख की आबादी में गिनी नहीं जाती क्योंकि सेन्सस करने के लिए कर्मचारी मिलिटरी एरिया में नहीं जा सकते। द्वारका, वेट-द्वारका विश्व के प्रसिद्ध यात्राधामों में एक है, जहां भगवान श्री कृष्ण ने राज्य किया। श्री कृष्ण सखा श्री सुदामा जी ने श्री कृष्ण को जहां चावल भेंट में दिये थे एवं जगदगुरू शंकराचार्य की द्वारिकापीठ है- जहां यात्रियों की रोज बारह हजार की जनता की आबादी आती-जाती है

मैंने भी बहुत बार संसद के अंदर-बाहर मामला उठाया। वित्त, गृह कार्मिक मिनिस्टरों को पत्र लिखे, मिलने गया, डेपुटेशनों के साथ एक ही जवाब मिलता है कि १९९१ की सेन्सस के अनुसार आबादी ३.७५ लाख से कम है। अब आबादी साढ़े पांच लाख से ज्यादा हो गई है। हमने स्पेशल केस गिन कर बी-२ अपग्रेडेशन करने को कहा जैसे जम्मू एवं हरियाणा, उ.प्र. एवं कुछ अन्य राज्यों के शहरों को ४ लाख की आबादी न होने के बावजूद बी-२ अपग्रेड किया है तो जामनगर शहर को बी-२ क्यों अपग्रेड स्पेशल केस गिनकर नहीं किया जाता। यदि बी-२ अपग्रेड जामनगर को नहीं किया गया तो जामनगर में जबरदस्त आंदोलन होगा।

मेरा वित्त मंत्री, गृह, कार्मिक एवं श्रम मंत्री से तथा केन्द्र से प्रार्थना है कि स्पेशल केस समझकर जामनगर को तुरन्त ही बी-२ अपग्रेड किया जाये।